# निवेश जुटाने के लिए उप्र आ रही गुजरात सरकार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ : वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट (वीजीजीएस) के 10वें संस्करण से पहले गुजरात सरकार उद्योग जगत को आमंत्रित करने के लिए सोमवार छह नवंबर को लखनऊ में रोड शो का आयोजन करेगी। गुजरात के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा, उच्च और तकनीकी शिक्षा मंत्री ऋषिकेश पटेल इस रोड शो का नेतृत्व करेंगे।

ऋषिकेश पटेल आरएसपीएल ग्रुप, वी. गार्ड, सनसोर्स एनर्जी और ल्यूमिनस पावर टेक्नोलाजीस जैसे संगठनों के प्रमुखों के साथ व्यक्तिगत बैठकें करेंगे। एसोचैम गुजरात काउंसिल के अध्यक्ष चिंतन ठाकर स्वागत भाषण देंगे। उनके संबोधन के बाद वाइब्रेंट गुजरात 2024 को लेकर प्रमोशनल फिल्म की स्क्रीनिंग होगी। गुजरात सरकार के ऊर्जा एवं पेट्रोकेमिकल विभाग की प्रमुख सचिव ममता वर्मा गुजरात में मौजूद व्यावसायिक अवसरों पर प्रस्तुतीकरण देंगी। कार्यक्रम के दौरान एक सत्र भी

**लखनऊ में वाइब्रेंट गुजरात रोड शो कल, गुजरात के मंत्री ऋषिकेश करेंगे नेतृत्व, उद्यमियों को आकर्षित करने का प्रयास**

होगा जिसमें उद्यमी गुजरात में निवेश के अपने अनुभव साझा करेंगे। ऋषिकेश पटेल रोड शो को संबोधित करने के बाद प्रेस कान्फ्रेंस भी करेंगे। रोड शो का उद्देश्य गुजरात को वीजीजीएस-2024 के माध्यम से 'भविष्य के गेटवे' के रूप में स्थापित करना है। यह रोड शो गुजरात के फ्यूचर-रेडी मेगा प्रोजेक्ट जैसे जीआइएफटी सिटी, धोलेरा एसआइआर और मंडल बेचारजी एसआइआर के लिए निवेश आकर्षित करने का अवसर भी प्रदान करेगा। वीजीजीएस-2024 के लिए गुजरात सरकार नई दिल्ली में कर्टन रेजर कार्यक्रम के बाद मुंबई, कोलकाता, चंडीगढ़, चेन्नई, जापान, यूरोप, सिंगापुर, आस्ट्रेलिया, वियतनाम और दक्षिण कोरिया में रोड शो आयोजित कर चुकी है।